a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

विषय : सामाजिक विज्ञान   Set-A

निर्देश : सभी प्रश्न हल कीजिए।

1. **(अ) बहुविकल्पीय प्रश्न (सही विकल्प चुनकर लिखिए) :**

(i) औद्योगिक क्रान्ति सर्वप्रथम किस देश में हुई?
(अ) भारत (ब) चीन
(स) ब्रिटेन (द) जापान

(ii) सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्य देशों की संख्या है--
(अ) चार (ब) तीन
(स) पाँच (द) छः

(iii) छत्तीसगढ़ का प्राचीन धर्म था—
(अ) जैन (ब) बौद्ध
(स) वैष्णव (द) शैव

(iv) इनमें से कौन-सी आर्थिक समस्या नहीं है?
(अ) मूल्य वृद्धि (ब) काला-बाजार
(स) पर्दा प्रथा (द) तस्करी

(v) भारत में अखबारी कागज का कारखाना स्थित है--
(अ) नेपानगर में (ब) टीटागढ़ में
(स) सहारनपुर में (द) होशंगाबाद में

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) कम उम्र की लड़की एवं लड़के का विवाह ______ कहलाता है।
(ii) छत्तीसगढ़ दहेज प्रतिषेध अधिनियम ______ में लागू किया गया था।
(iii) गरीबी के ______ प्रकार हैं।
(iv) भारत में सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य ______ है।
(v) भारत में जनगणना प्रति ______ वर्ष बाद होती है।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है।

2. प्रथम विश्वयुद्ध का तात्कालिक कारण क्या था?
3. संयुक्त राष्ट्रसंघ के दो उद्देश्य लिखिए।
4. भारत के प्रमुख महाकाव्य कौन-कौन से हैं?
5. अकबर के शासनकाल में निर्मित भवनों के नाम लिखिए।
6. लोक सभा एवं राज्य सभा के सदस्यों की संख्या कितनी होती है?
7. स्त्रियों की स्थिति में सुधार के दो उपाय लिखिए।
8. उपभोक्ता की बचत से आप क्या समझते हैं?
9. प्रादेशिक श्रम विभाजन से आप क्या समझते हैं?

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है।

10. संयुक्त राष्ट्रसंघ के प्रमुख अंगों के नाम लिखिए।
11. सम्राट अशोक द्वारा किए गए सांस्कृतिक एकीकरण के प्रयासों का वर्णन कीजिए।
12. लोक सभा, राज्य सभा से अधिक शक्तिशाली सदन होने के तीन कारण लिखिए।
13. उपभोक्ता की बचत, उपयोग-मूल्य और विनिमय-मूल्य के अन्तर को किस प्रकार स्पष्ट करता है?
14. भारत में जनसंख्या विस्फोट के तीन परिणाम लिखिए।
15. श्रम विभाजन से आप क्या समझते हैं? श्रम विभाजन से श्रमिकों को होने वाले दो लाभ लिखिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है।

16. जर्मनी में नाजीवाद के उदय के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

नाजीवाद एवं फासीवाद की समानताएँ क्या थीं?

17. शीतयुद्ध के चार परिणाम लिखिए।

अथवा

एशियाई एवं अफ्रीकी देशों में राजनैतिक पुनर्जागरण के कोई चार कारण बताइए।

18. सामाजिक चेतना को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार तत्वों को लिखिए।

अथवा

सामाजिक चेतना के चार प्रमुख बाधक तत्वों का वर्णन कीजिए।

19. भारत में मूल्य वृद्धि के किन्हीं चार कारण लिखिए।

अथवा

भारत में गरीबी दूर करने हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रमुख कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए।

20. वनों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ लिखिए। **अथवा**
भारतीय कृषि की चार मुख्य समस्याएँ लिखिए।

21. औद्योगिक प्रदूषण क्या है? इनके प्रकारों का वर्णन कीजिए।

अथवा

पेट्रो-रसायन उद्योग' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है।

22. साम्राज्यवाद का क्या अर्थ है? विश्व में साम्राज्यवाद के पाँच नकारात्मक प्रभाव का वर्णन कीजिए।

अथवा

साम्राज्यवाद के विकास में औद्योगिक क्रान्ति का क्या प्रभाव पड़ा? किन्हीं पाँच का वर्णन कीजिए।

23. ... पाँच कार्यों का वर्णन कीजिए।

a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com

अथवा

"सर्वोच्च न्यायालय मौलिक अधिकार का संरक्षक है।" स्पष्ट कीजिए।

24. खनिज संसाधनों के आर्थिक महत्व का वर्णन कीजिए।

अथवा

ऊर्जा के गैर-परम्परागत किन्हीं पाँच साधनों का वर्णन कीजिए।

25. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(i) मुम्बई (ii) नर्मदा नदी
(iii) अरावली पर्वत (iv) खम्भात की खाड़ी
(v) कर्क रेखा

अथवा

(i) छोटानागपुर पठार (ii) करकोरम दर्रा
(iii) गंगा नदी (iv) दिल्ली
(v) चाय उत्पादक प्रमुख राज्य

a2zsubjects.com

a2zsubjects.com

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है।

26. द्वितीय विश्वयुद्ध के छः कारणों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

जापान में राष्ट्रवाद के उदय के क्या कारण थे?

27. भारतीय मिट्टी कितने प्रकार की है? वर्णन कीजिए।

अथवा

"कृषि भारत की आत्मा और भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है।" समझाइए।

a2zsubjects.com

a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com